**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**31.07.2026 के**
**तारांकित प्रश्न सं. 138 का उत्तर**

**रेलवे में रिक्तियाँ और यात्री सुरक्षा तथा सेवा प्रदायगी पर उनका प्रभाव**

***138. श्री देरेक ओब्राईन:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) भारतीय रेल में संस्वीकृत पदों, कार्यरत कर्मचारियों और रिक्तियों की क्षेत्र-वार और श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) उन रिक्तियों की संख्या कितनी-कितनी है जो क्रमशः एक वर्ष, तीन वर्ष और पाँच वर्ष से अधिक समय से नहीं भरी गई हैं;

(ग) क्या सरकार ने निरंतर बनी हुई इन रिक्तियों के कारण यात्री सुरक्षा, रेल परिचालन, रखरखाव, समयपालन और सेवा प्रदायगी पर पड़े प्रभाव का आकलन किया है; और

(घ) विगत पाँच वर्षों के दौरान अधिसूचित की गई रिक्तियों, चयनित उम्मीदवारों और की गई नियुक्तियों की संख्या सहित चलाए गए भर्ती अभियानों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

रेलवे में रिक्तियों और यात्री सुरक्षा तथा सेवा प्रदायगी पर उनके प्रभाव के संबंध में दिनांक 31.07.2026 को राज्य सभा में श्री देरेक ओब्राईन के तारांकित प्रश्न सं. 138 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (घ): भारतीय रेल में 2004-05 से 2013-14 की तुलना में 2014-15 से 2025-26 के दौरान की गई भर्ती निम्नानुसार है:-

| अवधि | भर्ती |
|---|---|
| 2004-2005 से 2013-2014 | 4.11 लाख |
| 2014-2015 से 2026-2027 (30.06.2026 तक) | 5.56 लाख |

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार, रेलवे द्वारा भर्ती एजेन्सियों को मांग-पत्र भेजकर भरा जाता है।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रतिवर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

वर्तमान में, भारतीय रेल में 2024, 2025 और 2026 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, अराजपत्रित कार्मिकों की **1,61,889** रिक्तियों की भर्ती शुरू की गई।

जनवरी से दिसम्बर, 2024 के दौरान सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियनों, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, रेलपथ अनुरक्षक और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए 92,116 रिक्तियों के लिए दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) जारी की गई हैं।

92,116 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी की जा चुकी हैं। ब्यौरा निम्नानुसार है-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 18,40,347 | 156 | 15 |
| तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 26,99,892 | 139 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 11,01,266 | 146 | 15 |
| रे.सु.ब.-एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 15,35,635 | 143 | 15 |
| रे.सु.ब-कांस्टेबल के पद (4,208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 45,30,288 | 147 | 15 |
| पैरामेडिकल कोटियों (1,376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 7,08,321 | 143 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8,113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 58,41,774 | 141 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक-पूर्व) (3445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 63,27,473 | 157 | 15 |
| अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों (1,036 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 4,46,013 | 139 | 15 |
| लेवल-1 के पदों (32,438 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 1,08,28,261 | 152 | 15 |
| **कुल अभ्यर्थी** | **3,58,59,270** | | |

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक एवं स्नातक-पूर्व) के पदों के लिए द्वितीय चरण की सीबीटी भी पूरी की गई है। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 2,66,363 | 112 | 15 |
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,17,339 | 118 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 1,21,931 | 129 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व) (3,445 रिक्तियों) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 51,978 | 79 | 15 |
| **कुल अभ्यर्थी** | **5,57,611** | | |

सहायक लोको पायलट (एएलपी) और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा (सीबीएटी) तथा गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक और स्नातक-पूर्व), अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए कंप्यूटर आधारित कुशलता परीक्षा भी पूरी कर ली गई है। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सहायक लोको पायलट के पद हेतु सीबीएटी | 1,32,044 | 84 | 2 |
| अनुसचिवीय और पृथक कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा | 1,233 | 8 | 2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए सीबीएटी | 13,616 | 38 | 2 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण कुशलता परीक्षा (सीबीटीएसटी) | 30,341 | 58 | 2 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण कुशलता परीक्षा (सीबीटीएसटी) | 13,145 | 44 | 2 |
| **कुल अभ्यर्थी** | **1,90,379** | | |

2026-2027 के दौरान (30.06.2026 तक) 3,300 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और सहायक लोको पायलट के पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियां हैं।

इसके अलावा, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 51,970 रिक्तियों के लिए निम्नलिखित नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या | पद का नाम | अधिसूचित रिक्तियों की संख्या | अधिसूचना जारी करने का माह |
|---|---|---|---|
| 01/2025 | सहायक लोको पायलट | 10,970 | मार्च, 2025 |
| 02/2025 | तकनीशियन | 6,238 | जून, 2025 |
| 03/2025 | पैरा मेडिकल कोटियाँ | 434 | जुलाई, 2025 |
| 04/2025 | सेक्शन कंट्रोलर | 368 | अगस्त, 2025 |
| 05/2025 | जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक/रसायन एवं धातुकर्म सहायक | 2,585 | अक्टूबर, 2025 |
| 06/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) | 5,810 | अक्टूबर, 2025 |
| 07/2025 | गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक-पूर्व) | 3,058 | अक्टूबर, 2025 |
| 08/2025 | पृथक कोटियां | 312 | दिसंबर, 2025 |
| 09/2025 | लेवल-1 पद | 22,195 | दिसंबर 2025 |
| **कुल** | | **51,970** | |

29,775 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) पूरी हो चुकी है। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर के पद (368 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 4,33,748 | 131 | 15 |
| सहायक लोको पायलट के पद (10,970 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 10,03,719 | 141 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पद (2,585 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी | 5,74,351 | 133 | 15 |
| तकनीशियन के पद (6238 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 8,41,525 | 117 | 15 |
| पैरामेडिकल कोटियों (434 रिक्तियां) हेतु सीबीटी | 3,19,396 | 106 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (5,810 रिक्तियाँ) के लिए प्रथम चरण सीबीटी | 25,89,851 | 142 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक-पूर्व) (3,058 रिक्तियाँ) के लिए प्रथम चरण सीबीटी | 32,95,980 | 142 | 15 |
| पृथक कोटियों (312 रिक्तियां) के लिए सीबीटी | 37,774 | 34 | 15 |
| **कुल अभ्यर्थी** | **90,96,344** | | |

जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए द्वितीय चरण की सीबीटी भी पूरी की गई है। ब्यौरा निम्नानुसार है:-

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएं |
|---|---|---|---|
| जेई/डीएमएस/सीएमए के पदों (2,585 रिक्तियाँ) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 39,034 | 90 | 15 |
| गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (5,810 रिक्तियाँ) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी | 87,317 | 98 | 15 |
| **कुल अभ्यर्थी** | **1,26,351** | | |

सेक्शन कंट्रोलर के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित अभिक्षमता परीक्षा (सीबीएटी) भी पूरी हो चुकी है। ब्यौरा निम्नानुसार है:

| परीक्षा | अभ्यर्थी | शहर | भाषाएँ |
|---|---|---|---|
| सेक्शन कंट्रोलर के पदों (368 रिक्तियाँ) के लिए सीबीएटी | 2,989 | 24 | 2 |

इसके अलावा, वर्ष 2026 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 17,803 रिक्तियों के लिए तीन केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) जारी की गई हैं। ब्यौरा निम्नानुसार है:

| केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या | पद का नाम | अधिसूचित रिक्तियों की संख्या | अधिसूचना जारी करने का माह |
|---|---|---|---|
| 01/2026 | सहायक लोको पायलट | 11,127 | मार्च, 2026 |
| 02/2026 | तकनीशियन | 6,557 | मई, 2026 |
| 03/2026 | सेक्शन कंट्रोलर | 119 | जून, 2026 |

**संरक्षा**

भारतीय रेल में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में किए गए विभिन्न संरक्षा उपायों के परिणामस्वरूप, दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट आई है।




परिणामी रेलगाड़ी दुर्घटनाओं की संख्या कम हो गई है जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है:-

| **वर्ष** | **परिणामी दुर्घटनाएं** |
|---|---|
| 2014-15 | 135 |
| 2025-26 | 16 (88% की कमी) |
| 2026-27 (जून 2026 तक) | 2 |

रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा में सुधार दर्शाने वाला एक अन्य महत्वपूर्ण सूचकांक परिणामी दुर्घटना सूचकांक है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

**परिणामी दुर्घटना सूचकांक:-**

| **वर्ष** | **दुर्घटना सूचकांक** |
|---|---|
| 2014-15 | 0.11 |
| 2025-26 | 0.01 (91% की कमी) |

यह सूचकांक सभी रेलगाड़ियों के कुल चालन किलोमीटर के अनुपात के रूप में परिणामी दुर्घटनाओं की संख्या को मापता है।

$$\textbf{दुर्घटना सूचकांक} = \frac{\text{परिणामी दुर्घटनाओं की संख्या}}{\text{रेलगाड़ियों की संख्या x मिलियन किलोमीटर चालन}}$$

रेलगाड़ी परिचालन में संरक्षा संवर्धन के लिए किए गए विभिन्न संरक्षा उपाय निम्नानुसार हैं:-

1. भारतीय रेल में पिछले कुछ वर्षों में संरक्षा संबंधी कार्यकलापों पर व्यय बढ़ाया गया है, जो निम्नानुसार है:-

| वर्ष | संरक्षा संबंधी कार्यकलापों पर व्यय/बजट (करोड़ रु. में) |
|---|---|
| **2013-14** | 39,200 |
| **2022-23** | 87,336 |
| **2023-24** | 1,01,662 |
| **2024-25** | 1,14,022 |
| **2025-26** | 1,17,693 |
| **2026-27** | 1,20,389 |

2. मानवीय चूक के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए, 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार 6,671 रेलवे स्टेशनों पर कांटों एवं सिगनलों के केंद्रीकृत परिचालन के साथ विद्युत/इलेक्ट्रॉनिक अंतर्पाशन प्रणाली की व्यवस्था की गई है।
3. समपार रेलफाटकों पर संरक्षा का संवर्धन करने के लिए, 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार 10,395 समपार रेलफाटकों पर अंतर्पाशन की व्यवस्था की गई है।
4. संरक्षा का संवर्धन करने के लिए 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार 6,671 रेलवे स्टेशनों पर विद्युत साधनों द्वारा रेलपथ अधिभोग के सत्यापन द्वारा रेलवे स्टेशनों के पूर्ण रेलपथ परिपथन की व्यवस्था की गई है।
5. सिगनल प्रणाली की संरक्षा से संबंधित मुद्दों जैसे अनिवार्य समरूपता जांच, परिवर्तन कार्य प्रोटोकॉल, समापन आरेखण तैयार करने आदि के संबंध में विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं।
6. प्रोटोकॉल के अनुसार सिगनल एवं दूरसंचार उपस्करों के लिए डिस्कनेक्शन और रिकनेक्शन प्रणाली पर पुनः बल दिया गया है।
7. लोको पायलटों की सतर्कता में सुधार लाने के लिए सभी रेलइंजनों में सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) लगाए गए हैं।
8. मास्ट पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव सिग्मा बोर्ड उपलब्ध कराए जाते हैं, जो विद्युतीकृत क्षेत्रों में सिगनलों से दो शिरोपरि उपस्कर मास्ट से पहले मौजूद होता है ताकि कोहरे के मौसम के कारण दृश्यता कम होने पर चालक दल को आगे मौजूद सिगनल के बारे में सचेत किया जा सके।
9. कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों में लोको पायलटों के लिए जीपीएस आधारित फॉग सेफ्टी डिवाइस (एफएसडी) उपलब्ध कराया जाता है जो लोको पायलटों को अगले थलचिह्नों यथा सिगनल, समपार रेलफाटकों आदि की दूरी जानने में समर्थ बनाते हैं।
10. प्राथमिक रेलपथ नवीकरण करते समय आधुनिक रेलपथ संरचना इस्तेमाल की जा रही है जिसमें 60 किलोग्राम, 90 चरम तन्य सामर्थ्य पटरियां, लचीले जुड़नारों के साथ प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपर (पीएससी) सामान्य/चौड़ा आधार स्लीपर, पीएससी स्लीपरों पर पंखानुमा विन्यास के टर्नआउट, गर्डर पुलों पर स्टील चैनल/एच-बीम स्लीपर शामिल हैं।

11. मानवीय त्रुटियों का न्यूनीकरण करने के लिए पीक्यूआरएस, टीआरटी, टी-28 आदि जैसी रेलपथ मशीनों के उपयोग द्वारा रेलपथ बिछाने की गतिविधियों का यांत्रिकीकरण।
12. रेलपथ नवीकरण की प्रगति बढ़ाने और जोड़ों के वेल्डन से बचने के लिए 130 मीटर/260 मीटर लंबे पटरी पैनलों की आपूर्ति को अधिकतम करना, जिसके द्वारा संरक्षा में सुधार होता है।
13. दोष का पता लगाने और दोषपूर्ण पटरियों को समय पर हटाने के लिए पटरियों का पराश्रव्य दोष संसूचन परीक्षण (यूएसएफडी)।
14. अधिक लंबी पटरियां बिछाना, एल्यूमिनो थर्मिक वेल्डन के उपयोग को कम करना और पटरियों के लिए बेहतर वेल्डन तकनीक अर्थात फ्लैश बट वेल्डन को अपनाना।
15. ओएमएस (दोलन निगरानी प्रणाली) और टीआरसी (रेलपथ अभिलेखी यानों) द्वारा रेलपथ ज्यामिति की निगरानी।
16. वेल्डन/पटरियों की दरारों का पता लगाने के लिए रेल पटरियों पर गश्त लगाना।
17. टर्नआउट नवीकरण कार्यों में थिक वेब स्विच और वेल्डन योग्य सीएमएस पारणों का उपयोग।
18. संरक्षा पद्धतियों के अनुपालन हेतु कर्मचारियों की निगरानी और जागरूक करने के लिए नियमित अंतराल पर निरीक्षण किए जाते हैं।
19. रेलपथ परिसंपत्तियों की वेब आधारित ऑनलाइन निगरानी प्रणाली अर्थात युक्तिसंगत अनुरक्षण आवश्यकता का निर्णय लेने और साधन-सामग्री को इष्टतम बनाने के लिए रेलपथ डेटाबेस और निर्णय सहायता प्रणाली को अपनाया गया है।
20. रेलपथ की संरक्षा संबंधी मुद्दों अर्थात् एकीकृत ब्लॉक, कॉरिडोर ब्लॉक, कार्यस्थल संरक्षा, मानसून पूर्वोपाय आदि के संबंध में विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं।
21. रेलगाड़ियों का संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेल परिसंपत्तियों (सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों) का निवारक अनुरक्षण किया जाता है।
22. पारंपरिक सडिका डिजाइन के रेल डिब्बों को एलएचबी डिजाइन के रेल डिब्बों से बदला जा रहा है।
23. जनवरी 2019 तक बड़ी लाइन मार्ग पर बिना चौकीदार वाले सभी समपारों को समाप्त कर दिया गया है।
24. पुलों का नियमित निरीक्षण करके रेल पुलों की संरक्षा सुनिश्चित की जाती है। इन निरीक्षणों के दौरान आंकी गई स्थिति के आधार पर पुलों की मरम्मत/पुनर्स्थापन कार्य किया जाता है।
25. भारतीय रेल ने सभी सवारी डिब्बों में यात्रियों की व्यापक सूचना के लिए सांविधिक “अग्नि सूचनाएं” प्रदर्शित की गई हैं। प्रत्येक सवारी डिब्बे में आग संबंधी पोस्टर लगाए गए हैं ताकि यात्रियों को आग लगने की रोकथाम करने के लिए ‘क्या करें’ और ‘क्या न करें’ के बारे में शिक्षित और सचेत किया जा सके। इसमें सवारी डिब्बों के भीतर ज्वलनशील वस्तुएँ, विस्फोटकों को नहीं ले जाने, धूम्रपान नहीं करने, जुर्माना आदि से संबंधित संदेश शामिल हैं।
26. उत्पादन इकाइयां नवनिर्मित पावर कारों और रसोई यानों में आग संसूचन एवं शमन प्रणाली तथा नवनिर्मित सवारी डिब्बों में आग एवं धूम्र संसूचन प्रणाली उपलब्ध करा रही हैं। क्षेत्रीय रेलों द्वारा मौजूदा सवारी डिब्बों में चरणबद्ध विधि से उत्तरोत्तर फिटमेंट किया रहा है।
27. कर्मचारियों को नियमित परामर्श और प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
28. दिनांक 30.11.2023 की राजपत्र अधिसूचना के तहत भारतीय रेल (चालित लाइन) साधारण नियम में चलायमान ब्लॉक प्रत्यय की शुरूआत की गई थी, जिसमें चलायमान आधार पर

अग्रिम में 52 सप्ताह तक परिसंपत्तियों के एकीकृत अनुरक्षण/मरम्मत/प्रतिस्थापन के कार्य की योजना बनाई जाती है और योजना के अनुसार निष्पादित किया जाता है।

रेलवे द्वारा किए गए बेहतर अनुरक्षण पद्धतियों, प्रौद्योगिकीय सुधारों, बेहतर अवसंरचना और चल स्टॉक आदि के संबंध में संरक्षा संबंधी कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार सारणीबद्ध है:

| **क्र. सं.** | **मद** | **2004-05 से 2013-14** | **2014-15 से 2025-26** | **2004-14 की तुलना में 2014-26** |
|---|---|---|---|---|
| **प्रौद्योगिकीय सुधार** | | | | |
| 1. | उच्च-गुणवत्ता वाली पटरियों का उपयोग (60 कि.ग्रा.) (किलोमीटर) | 57,450 किलोमीटर | 1.63 लाख किलोमीटर | 2.8 गुना से अधिक |
| 2. | लंबे रेल पैनल (260 मीटर) (किलोमीटर) | 9,917 किलोमीटर | 87,219 किलोमीटर | लगभग 9 गुना |
| 3. | इलेक्ट्रॉनिक अंतर्पाशन (स्टेशन) | 837 स्टेशन | 3,691 स्टेशन | 4 गुना से अधिक |
| 4. | कोहरा पास संरक्षा उपकरण (अदद) | 31.03.14 तक 90 अदद | 31.03.26 तक 31,693 अदद | 352 गुना |
| 5. | थिक वेब स्विच (अदद) | शून्य | 35,971 अदद | |
| **बेहतर अनुरक्षण पद्धतियां** | | | | |
| 1. | प्राथमिक रेल नवीकरण (रेलपथ किलोमीटर) | 32,260 किलोमीटर | 57,583 किलोमीटर | 1.78 गुना |
| 2. | यूएसएफडी (पराश्रव्य दोष संसूचन) वेल्डन परीक्षण (अदद) | 79.43 लाख | 2.25 करोड़ | 2.8 गुना से अधिक |
| 3. | वेल्डन की खराबियां (अदद) | 2013-14 में: 3699 अदद | 2025-26 में: 272 अदद | 93% की कमी |
| 4. | पटरियों में दरारें (अदद) | 2013-14 में: 2548 अदद | 2025-26 में: 208 अदद | 92% की कमी |
| **बेहतर अवसंचना और चल स्टॉक** | | | | |
| 1. | जोड़े गए नए रेलपथ किलोमीटर (रेलपथ किलोमीटर) | 14,985 किलोमीटर | 36,429 किलोमीटर | लगभग 2.5 गुना |
| 2. | फ्लाईओवर (आरओबी)/ अंडरपास (आरयूबी) (अदद) | 4,148 अदद | 14,362 अदद | 3 गुना से अधिक |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | बड़ी लाइन पर बिना चौकीदार वाले समपार (अदद) | 31.03.14 तक: 8948 | 31.03.26 तक: शून्य (31.01.19 तक सभी समाप्त कर दिए गए) | समाप्त कर दिए गए |
| 4. | एलएचबी सवारी डिब्बों का विनिर्माण (अदद) | 2,337 अदद | 49,366 | 21 गुना से अधिक |

**कवच का कार्यान्वयन:**

1. कवच स्वदेश विकसित स्वचालित रेलगाड़ी संरक्षा प्रणाली (एटीपी) है। कवच अत्यधिक प्रौद्योगिकी प्रधान प्रणाली है, जिसके लिए सर्वोच्च स्तर के संरक्षा प्रमाणन (एसआईएल-4) की आवश्यकता होती है।
2. यदि लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है तो कवच स्वचालित ब्रेक लगाकर लोको पायलट को निर्दिष्ट गति सीमा के भीतर रेलगाड़ी चलाने में सहायता करता है और यह खराब मौसम के दौरान रेलगाड़ी को संरक्षित ढंग से चलाने में भी सहायता करता है।
3. यात्री गाड़ियों पर पहला फील्ड परीक्षण फरवरी 2016 में शुरू किया गया था। इस प्रकार प्राप्त अनुभव और निष्पक्ष संरक्षा मूल्यांकनकर्ता (आईएसए) द्वारा प्रणाली के निष्पक्ष संरक्षा मूल्यांकन के आधार पर, कवच संस्करण 3.2 की आपूर्ति के लिए 2018-19 में तीन फर्मों को अनुमोदित किया गया था।
4. कवच को जुलाई, 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया गया।
5. कवच प्रणाली के कार्यान्वयन में निम्नलिखित मुख्य कार्यकलाप शामिल हैं:
   - क. प्रत्येक स्टेशन, ब्लॉक खण्ड पर स्टेशन कवच का संस्थापन।
   - ख. पूरे रेलपथ की लंबाई में आरएफआईडी टैग का संस्थापन।
   - ग. समग्र खंड में दूरसंचार टावरों का संस्थापन।
   - घ. रेलपथ के साथ-साथ ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना।
   - ङ भारतीय रेल पर चल रहे प्रत्येक रेल इंजन पर लोको कवच का प्रावधान।
6. दक्षिण मध्य रेल के 1465 मार्ग किलोमीटर पर कवच संस्करण 3.2 के संस्थापन और प्राप्त अनुभव के आधार पर आगे और सुधार किए गए। अंततः आरडीएसओ द्वारा दिनांक 16.07.2024 को कवच विशिष्टि संस्करण 4.0 को अनुमोदित किया गया।
7. कवच 4.0 संस्करण में विविध रेल नेटवर्क के लिए आवश्यक सभी प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं। यह भारतीय रेल की संरक्षा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अल्प अवधि के भीतर, भारतीय रेल ने स्वचालित रेलगाड़ी संरक्षण प्रणाली विकसित की है, का परीक्षण किया गया और उसे संस्थापित करना शुरू कर दिया है।
8. कवच संस्करण 4.0 में किए गए प्रमुख सुधारों में अवस्थिति सटीकता में वृद्धि, बड़े यार्डों में सिगनल संबंधी पहलुओं की बेहतर जानकारी, ओएफसी पर स्टेशन-से-स्टेशन कवच इंटरफ़ेस और मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से सीधा इंटरफ़ेस शामिल है। इन सुधारों के साथ, कवच संस्करण 4.0 को भारतीय रेल में बड़े पैमाने पर लागू करने की योजना है।
9. 20.07.2026 की स्थिति के अनुसार, व्यापक और विस्तृत परीक्षणों के उपरांत, कवच संस्करण 4.0 को उच्च घनत्व वाले दिल्ली-मुंबई और दिल्ली-हावड़ा मार्गों को कवर करते हुए 2,569 मार्ग किलोमीटर पर सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है:

| क्र. सं. | रेलखंड | प्रगति (मार्ग कि.मी.) |
|---|---|---|
| **(1)** | **दिल्ली - मुंबई मार्ग: 1,423 मार्ग किलोमीटर** | |
| **i** | तिलक ब्रिज - जंक्शन केबिन - पलवल - मथुरा - कोटा - नागदा - वडोदरा - विरार खंड | 1,327 |
| **ii** | वडोदरा - अहमदाबाद खंड | 96 |
| **(2)** | **दिल्ली - हावड़ा मार्ग: 1,146 मार्ग किलोमीटर** | |
| **i** | चिपियाना-टूण्डला-कानपुर-सूबेदारगंज खंड | 563 |
| **ii** | कानपुर - लखनऊ खंड | 71 |
| **iii** | पंडित दीन दयाल उपाध्याय (एफओसी) - भभुआ रोड खंड | 50 |
| **iv** | सासाराम - फेसर खंड | 43 |
| **v** | गया - सरमाटांड़ - निमियाघाट खंड | 159 |
| **vi** | छोटा अमबोना - बर्द्धमान - हावड़ा खंड | 260 |

10. इसके अतिरिक्त, भारतीय रेल के सभी स्वर्णिम चतुर्भुज, स्वर्णिम विकर्ण, उच्च घनत्व नेटवर्क और चिह्नित रेलखंडों को कवर करते हुए 21,858 मार्ग कि.मी. पर रेलपथ साइड कवच कार्यान्वयन कार्य शुरू किया जा रहा है।
11. भारतीय रेल के खंडों पर कवच प्रणाली की प्रमुख मदों के कार्यों की कुल प्रगति निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | मदें | प्रगति |
|---|---|---|
| **i** | ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछाना | 11,253 कि.मी. |
| **ii** | दूरसंचार टावरों का संस्थापन | 1,668 अदद |
| **iii** | स्टेशन डेटा सेंटर | 988 स्टेशन |
| **iv** | ट्रैक साइड उपकरणों का संस्थापन | 7,726 मार्ग कि.मी. |
| **v** | रेल इंजनों में कवच का प्रावधान | 6,153 अदद |

12. इसके अलावा, 7,327 रेल इंजनों और 1200 ईएमयू/एमईएमयू में कवच प्रणाली के संस्थापना के कार्य शुरू किए गए हैं।
13. सभी संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए भारतीय रेल के केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थानों में कवच पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक 94,000 से अधिक तकनीशियनों, ऑपरेटरों और इंजीनियरों को कवच प्रौद्योगिकी के विषय पर प्रशिक्षित किया जा चुका है। इसमें लगभग 57,000 लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट सम्मिलित हैं। यह पाठ्यक्रम इरिसेट के सहयोग से तैयार किया गया है।
14. जून 2026 तक कवच संबंधी कार्यों पर 3,875 करोड़ रुपए की निधि का उपयोग किया गया है। वर्ष 2026-27 के दौरान 2066 करोड़ रुपए की निधि आबंटित की गई है। कार्यों की प्रगति के अनुसार अपेक्षित निधि उपलब्ध कराई जाती है।

**********